स्प्रिट से बनाई जा रही नकली शराब, पलामू में दो साल में 1.5 लाख लीटर अवैध स्प्रिट जब्त

पलामू: शराब माफिया लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं. स्प्रिट का इस्तेमाल करके नकली शराब बनाई जा रही है. इस शराब की तस्करी झारखंड के साथ-साथ बिहार के इलाकों में भी की जा रही है. तस्कर स्प्रिट का इस्तेमाल अंग्रेजी और देसी शराब बनाने में कर रहे हैं. देसी शराब बनाने में सबसे ज्यादा स्प्रिट का इस्तेमाल होता है.

बिहार में शराब बैन है. माफिया इसका फायदा उठाकर बिहार में शराब की तस्करी करना चाहते हैं. हाल के दिनों में पलामू में अवैध शराब के खिलाफ कई कार्रवाई की गई हैं, जिससे बड़ी मात्रा में स्प्रिट जब्त हुई है. 2024 से अब तक पलामू के अलग-अलग इलाकों से 1.70 लाख लीटर स्प्रिट जब्त की गई है. इसके अलावा, बड़ी मात्रा में नकली शराब भी जब्त की गई है. पुलिस और उत्पाद विभाग स्प्रिट के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/bharat/case-of-making-fake-liquor-from-illegal-spirit-in-palamu-hindi-news-jhn26021905427